सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

आज़ादी का अमृत महोत्सव

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# अपनी बात

अंक : 583 वर्ष 43 राँची, 31 अगस्त, 2022









# सीसीएल को "कोल मिनिस्टर्स अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया

## सुरक्षा में द्वितीय एवं सस्टेनेबिलिटी में तृतीय पुरस्कार




माननीय कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद को पुरस्कार प्रदान करते हुए

माननीय केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी ने 18 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में सेंट्रल कोलफील्डस लिमिटेड को सुरक्षा एवं सस्टेनेबिलिटी (Sustainability) के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु "कोल मिनिस्टर्स अवॉर्ड – 21–22 (Coal Minister*s Award – 21–22)" प्रदान किए। सीसीएल को सुरक्षा में द्वितीय एवं सस्टेनेबिलिटी में तृतीय पुरस्कार से सम्मानि किया गया। यह अवार्ड सीएमडी, सीसीएल, श्री पी.एम प्रसाद ने माननीय कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी से प्राप्त किया। विशेष अवसर पर सचिव (कोयला), भारत सरकार डॉ. अनिल जैन एवं अध्यक्ष, कोल इंडिया, श्री प्रमोद अग्रवाल एवं अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर महाप्रबंधक, ढोरी क्षेत्र श्री मनोज कुमार अग्रवाल एवं महाप्रबंधक, मगध संघमित्रा क्षेत्र, श्री के.के. सिन्हा को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

कोयला मंत्रालय, भारत सरकार ने कोल मिनिस्टर्स अवार्ड का सृजन किया है जिसके अंतर्गत सुरक्षा, उत्पादन, उत्पादकता, सस्टेनेबिलिटी, गुणवत्ता एवं ईआरपी का क्रियान्वयन का आकलन करते हुये बेहतर कार्य करने वाले कोयला कंपनी को यह अवार्ड दिया जाता है।

सीएमडी श्री पी.एम.प्रसाद ने कहा कि सीसीएल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह अवार्ड उन कोयला श्रमिकों एवं स्टेकहोल्डर्स को समर्पित है, जिनके कारण यह अवार्ड मिला है। श्री प्रसाद ने कहा कि सुरक्षा सर्वोपरि है और वे दुर्घटना मुक्त कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के लिए विभिन्न पहल कर रही है।

कंपनी ने पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 68.8 मिलियन टन कोयला उत्पादन एवं 71.8 मिलियन टन प्रेषण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

# सीसीएल के नये निदेशक (कार्मिक)
# श्री हर्ष नाथ मिश्र



सीसीएल के नये निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र को स्वागत करते सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद

दिनांक 24 अगस्त को श्री हर्ष नाथ मिश्र ने सेन्ट्रल कोलफील्डस लिमिटेड (सीसीएल) के निदेशक (कार्मिक) के रूप में अपना योगदान दिया। सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने सीसीएल परिवार की ओर से नए निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र का स्वागत किया। सीसीएल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री मिश्र का हार्दिक स्वागत किया और भविष्य में उनके नेतृत्व में कंपनी की उत्तरोत्तर विकास हेतु शुभकामनाएँ दी।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने विश्वास व्यक्त करते हुये कहा कि श्री मिश्र के कुशल नेतृत्व में कार्मिक विभाग और सुदृढ़ होगा और कंपनी का चहुँमुखी विकास होगा।

श्री हर्ष नाथ मिश्र इससे पूर्व स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड में महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे। ज्ञातव्य हो कि मानव संसाधन विकास (एच.आर.) के क्षेत्र में श्री मिश्र को 31 वर्षों का लम्बा अनुभव प्राप्त है।

"भाषाओं का अनुवाद हो सकता है...
भावनाओं का नहीं,
इन्हें समझना पड़ता है।"

# आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत सीसीएल ने प्रभात फेरी का आयोजन किया




'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के लिए सीसीएल द्वारा आयोजित प्रभात फेरी का एक दृश्य

झारखण्ड सहित पूरा देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ को आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। सीसीएल द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी मुहिम में सेन्ट्रल कोलफील्डस लिमिटेड द्वारा हर घर तिरंगा को जन–जन तक पहुँचाने के लिए 'प्रभात फेरी' का आयोजन दिनांक 10 अगस्त को किया गया।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन), श्री राम बाबू प्रसाद सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को हाथ में लेकर भारत सरकार का संदेश हर घर तिरंगा को आमजन के बीच में पहुँचाया। इस मुहिम में सीसीएल मुख्यालय के पदस्थापित अधिकारीगण, कर्मचारीगण, यूनियन प्रतिनिधिगण, स्कूली बच्चे एवं अन्य ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। प्रभात फेरी सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस, राँची से प्रारंभ हुआ और राजभवन, मुख्य न्यायाधीश के आवास होते हुये जवाहर नगर क्लब, काँके रोड, राँची में समाप्त हुआ।

सीएमडी ने सभी को संबोधित करते हुये कहा कि राष्ट्रीय त्योहार में 13 से लेकर 15 अगस्त तक अपने–अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज लगाना है और अन्य को भी प्रेरित करना है कि इस मुहिम में जुड़ें और देश के प्रति अपना कर्तव्य निभायें।

हर घर तिरंगा के विषय पर एक संवाद सत्र का आयोजन सीसीएल मुख्यालय, राँची के एचआरडी विभाग में किया गया। जिसमें सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी के प्रोफेशर एवं डिन ऑफ स्कूल ऑफ लैंग्गवेज डॉ. रत्नेश ने तिरंगा पर विस्तार से जानकारी दिये और कहा कि हर घर तिरंगा अभियान हर नागरिक के लिए गौरव का क्षण है और अपने घर में तिरंगा लगाना यह प्रतीत करता है कि हर घर राष्ट्र का प्रतीक है। इस डिस्कोर्स (Discourse) में सभी क्षेत्रों सहित मुख्यालय के कर्मियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर क्वीज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित प्रश्न पुछे गये। क्वीज प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने भाग लिया जिसमें प्रथम पुरस्कार आम्रपाली–चन्द्रगुप्त, द्वितीय सीसीएल मुख्यालय एवं तृतीय पुरस्कार रजहारा क्षेत्र को दिया गया। साथ ही अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। मंच संचालन मुख्य प्रबंधक (भर्ती) श्री संजय ने किया।

> खुद में वह बदलाव लाइए जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं
> – महात्मा गांधी

# सीसीएल में "स्वतंत्रता दिवस समारोह" हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

## सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को सलामी दी

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची स्थित 'कन्वेंशन सेन्टर' के प्रांगण में सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया तथा उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। सीसीएल मुख्यालय राँची के साथ–साथ सभी क्षेत्रों एवं अन्य ईकाई में आजादी की 75वीं वर्षगांठ पूरे हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया।



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संबोधन करते सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद

समारोह में विशिष्ट अतिथि निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, सीवीओ श्री एस.के. सिन्हा सहित श्रमिक प्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, कर्मी एवं अन्य उपस्थित थे। स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण सीसीएल के यूट्यूब आदि पर किया गया जिसे मुख्यालय के साथ–साथ सभी क्षेत्रों/यूनिटों में कर्मियों एवं स्टेकहोल्डर्स के लिए लाईव प्रसारण की व्यवस्था की गयी थी।

अवसर विशेष पर समृद्धि, शांति एवं प्रगति स्वरूप तीन रंगो वाले गुब्बारे को मुख्य अतिथि, श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशकगण तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों ने आकाश में उड़ाये।

अपने संबोधन में सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आज भारत अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है और इसके अंतर्गत हम सभी 13 अगस्त से 'हर घर तिरंगा' अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। इस



राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद

मुहिम में सीसीएल द्वारा डेढ़ लाख से अधिक तिरंगा खरीद कर अपने कर्मियों के साथ–साथ स्टेकहोल्डर्स के बीच वितरण किया गया है। साथ ही 'हर घर तिरंगा' अभियान के लिए कंपनी ने एक करोड़ बीस लाख रूपये झारखण्ड सरकार को भी दिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुये कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान में हम सभी लोगों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेकर पूरे विश्व में देश के प्रति हमारी एकता–अखंडता और देशभक्ति का संदेश दिया है।

उन्होंने अपने संबोधन में अमर शहीद स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुये कहा कि कोविड महामारी के कारण बहुत से बच्चे अपने माता–पिता या परिवार के प्राथमिक कमाई करने वाले सदस्य को खो चुके हैं। ऐसे में 'सीसीएल कोविड रिलिफ



गार्ड ऑफ ऑनर का एक दृश्य

स्कॉलरशीप योजना' की शुरूआत की गई है जिसके अन्तर्गत सीसीएल के कमांड क्षेत्र में 180 छात्र–छात्राओं को चिन्हित कर प्रति वर्ष 20,000 रूपये से लेकर 50,000 रूपये तक की सहायता राशि स्कॉलरशिप के रूप में देने का प्रावधान किया गया है। इस योजना का शुभारंभ सर्वोच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश के कर कमलों द्वारा 18 छात्राओं को चेक प्रदान कर किया जा चुका है।

श्री प्रसाद ने कहा कि कंपनी समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। कंपनी परियोजना प्रभावित जिन लोगों को कंपनी के नियमानुसार अपनी जमीन के बदले नौकरी या रोजगार नहीं दे पाती है, कंपनी द्वारा उनके उत्थान के लिए रजिस्टर्ड कोऑपरेटिव सोसाईटी के माध्यम से उन्हें एक करोड़ रूपये तक के ठेके देने यथा श्रम प्रमुखता वाले कार्य जैसे कोल–ट्रांसपोर्टेशन, सिविल, विद्युत और यांत्रिकी विभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों को देने का निर्णय लिया जा चुका है।

श्री प्रसाद ने कहा कि हमारी केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और कोयला मंत्रालय कई तरह की योजनाएँ चला रहे हैं ताकि देश का पूर्ण विकास हो सके। अभी हाल ही में सीसीएल के कमांड क्षेत्र के कामगारों, विशेषकर महिलाओं के लिए 7 सुलभ शौचालय कॉम्पलेक्स का निर्माण हेतु कोल इंडिया एवं सुलभ इंटरनेशनल के साथ एमओयू किया गया है। इसी तरह सीसीएल अपने सीएसआर योजना के अंतर्गत अनेको कल्याणकारी योजनाएँ – जैसे देवघर में काँवड़ यात्रियों के लिए जिले में 15 दिनों का मेडिकल कैम्प, 'सीसीएल के लाल' एवं 'सीसीएल की लाडली' योजना के तहत बच्चों को आईआईटी की निःशुल्क तैयारी, स्कूलों के विकास जैसे शौचालय, बोरवेल, चारदीवारी का निर्माण आदि के लिए जिला प्रशासन के साथ एमओयू, कौशल विकास एवं आजीविका हेतु 'हेवी मोटर ड्राविंग ट्रेनिंग', स्पोर्ट्स एकेडमी (राज्य सरकार एवं सीसीएल का संयुक्त पहल), राँची का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र के प्रमुख स्तंभ होने के कारण यह मेरी, आपकी और सीसीएल परिवार के प्रत्येक सदस्य का कर्तव्य है कि हम देश को कोयला के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बनायें। इस दिशा में कोल इंडिया निरंतर एक बिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अग्रसर है और सीसीएल के 13 खदानों को इसके लिए विशेष रूप से शामिल किया गया है।

सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची में कार्यरत सुरक्षा कर्मियों को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर उनकी प्रतिबद्धता, प्रचुरता, ईमानदारी, वफादारी एवं उत्कृष्ठ कार्य प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। मंच संचालन वरीय प्रबंधक (कार्मिक) श्री संजय ने किया।

इससे पूर्व केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, राँची में सीएमएस, सीसीएल डॉ डी.के.एल. चौहान ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया।

# सीसीएल ने झारखंड की अंतर्राष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ियों को किया सम्मानित



सम्मान समारोह का एक दृश्य

दिनांक 24 अगस्त को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय, राँची के कन्वेंशन सेंटर में एक 'कार्यक्रम' का आयोजन किया गया जिसमें सीसीएल द्वारा झारखंड राज्य के अंतर्राष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए अंतर्राष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ियों में से तीन वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सुश्री निक्की प्रधान, सुश्री सलीमा टेटे और सुश्री संगीता कुमारी हैं जबकि चार पूर्व महिला अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जिनमें से ध्यानचंद पुरस्कार विजेता सुश्री सुमराई टेटे, पूर्व भारतीय कप्तान सुश्री असुंता लकड़ा, सुश्री कांति बा और सुश्री पुष्पा प्रधान समारोह में उपस्थित थीं। ये सभी खिलाड़ी भारतीय महिला हॉकी टीमों का हिस्सा रही हैं और देश का नाम रौशन कर चुकी हैं।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद के अलावे इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे निदेशक वित्त श्री पी.के. मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री एच.एन.मिश्र के साथ सीवीओ, सीसीएल श्री एस.के. सिन्हा भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

अवसर विशेष पर निदेशक (वित्त) श्री पी. के. मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री एच. एन. मिश्र एवं सीवीओ श्री एस. के. सिन्हा ने भी सभी खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सीएमडी श्री प्रसाद ने इस सभा को सम्बोधित करते हुए खिलाड़ियों के योगदान की सराहना की और कहा कि उनकी उपलब्धियाँ पूरे देश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से सभी कठिन बाधाओं पर विजय प्राप्त की है। उन्होंने आगे कहा कि सीसीएल राज्य के उभरते खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएँ और बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ने हाल ही में सिमडेगा और खूंटी जिले के 200 प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ियों को हॉकी स्टिक प्रदान की है। उन्होंने आगे दोहराया कि भविष्य में भी सीसीएल यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेगा कि हॉकी खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं की कोई कमी न हो।

सभी खिलाड़ियों ने भी इस सम्मान के लिए सीसीएल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया और अपने अनुभव को साझा किया।

आयोजन की सफलता में एचओडी (कल्याण) श्रीमती रेखा पांडेय, प्रबंधक (खेल) श्री आदिल हुसैन और टीम सीसीएल के अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्य प्रबंधक (वित्त) श्री संजय कुमार ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया।

# सीसीएल ने रचा इतिहास : पिपरवार फेज–I यूजी कोल इंडिया लिमिटेड की पहली एमडीओ परियोजना होगी




समझौता ज्ञापन समारोह का एक दृश्य

कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों में सीसीएल प्रथम कंपनी बनी जिसने भूमिगत परियोजना के लिए एमडीओ (माइन डेवलपर एंड ऑपरेटर) मोड में एक समझौता (कॉन्ट्रैक्ट एग्रिमेंट) किया है। सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं मेसर्स जेएमएस पिपरवार प्रा. लि. के बीच दिनांक 29 अगस्त को सीसीएल मुख्यालय, राँची में भूमिगत खदानों के संचालन के लिए 1889.04 करोड़ रूपए मूल्य का एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। सीसीएल की ओर से महाप्रबंधक, पिपरवार श्री सी. बी. सहाय एवं मेसर्स जेएमएस माईनिंग प्रा. लि. के निदेशक (तकनीकि) श्री कल्याण कुमार हाजरा इस समझौता पर हस्ताक्षर किया।

अवसर विशेष पर सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद ने कहा कि सीसीएल देश की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने के लिए कृतसंकल्पित है और इस समझौता ज्ञापन से आने वाले समय में कोयला उत्पादन में और गति प्राप्त होगी। इस तरह माननीय प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकार करने में भी सहायक होगा।

ज्ञात हो कि सीसीएल झारखण्ड राज्य के 8 जिलों में खनन कार्य कर रहा है और पिपरवार क्षेत्र एक समय कंपनी के लिए सबसे अधिक कोयला उत्पादक क्षेत्र रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष (2021–22) में इसने 13.13 मि.टन कोयला उत्पादन कर सीसीएल के लिए एक अहम योगदान दिया है। पिपरवार फेज–I (0.87 एमटीवाई) भूमिगत खदान एमडीओ प्रोजेक्ट कोल इंडिया लिमिटेड की पहली एमडीओ परियोजना होगी। पिपरवार क्षेत्र की पिपरवार ओपनकास्ट खदान कोल इंडिया की पहली खदान थी जहाँ अत्याधुनिक सीएचपी–सीपीपी के साथ पूरी तरह से मोबाइल इनपिट क्रशिंग और कन्वेइंग सिस्टम स्थापित किया गया था, जो इसे अपने आप में अनूठा बनाता है।

इस समझौता ज्ञापन समारोह में सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद सहित निदेशक (तक.)(यो. एवं परि.) श्री एस. के. गोमास्ता, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्र एवं सीएमडी के तकनीकि सचिव श्री आलोक कुमार सिंह, निदेशक (तक.)(यो. एवं परि.) के तकनीकि सचिव श्री पी. के. सिंह, निदेशक (वित्त) के तकनीकि सचिव श्री संजय सिंह एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

ज्ञातव्य हो कि यह एमओयू की कुल अवधि 14 वर्ष के लिए होगी, जिसमें 2 वर्ष निर्माण के लिए सुनिश्चित की गई है।

# झारखंड में 07 सुलभ शौचालय कॉम्प्लेक्स बनाएगी कोल इंडिया




कोल इंडिया लिमिटेड झारखंड के चार जिलों में अपनी अनुषंगी कंपनी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के कार्यस्थलों के समीप 7 सुलभ शौचालय कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराएगी। कोल इंडिया एवं सुलभ इंटरनैशल ने इस कार्य के लिए कोल इंडिया मुख्यालय कोलकाता में दिनांक 04 अगस्त को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर दस्तखत किए। इस अवसर पर कोल इंडिया के चेयरमैन श्री प्रमोद अग्रवाल एवं सुलभ इंटरनैशनल के संस्थापक डॉ. बिंदेश्वर पाठक उपस्थित थे।

ये सुलभ शौचालय कॉम्प्लेक्स चतरा जिले के टंडवा एवं चतरा में, लातेहार जिले के बालुमाथ एवं टोरी में, बोकारो जिले के फुसरो बाजार में तथा रामगढ़ जिले के रामगढ़ बस स्टैंड एवं रजरप्पा में बनेंगे। प्रत्येक सुलभ शौचालय कॉम्प्लेक्स में स्नान एवं यूरिनल की सुविधा सहित 8 अलग–अलग शौचालय होंगे, जिनमें 05 शौचालय पुरुषों के लिए, 02 महिलाओं तथा 1 शौचालय दिव्यांगों के लिए होगा।

इन सुलभ शौचालयों से खासकर उन दैनिक एवं गरीब कामगारों को शौच की सुविधा उपलब्ध हो पाएगी, जो इससे वंचित हैं। साथ ही, जरूरतमंद महिलाओं को सुरक्षित शौच की सुविधा भी मिल पाएगी।

# सावन उत्सव का रंगारंग आयोजन

गांधीनगर रिक्रिएशन क्लब, सीसीएल, राँची द्वारा 07 अगस्त को 'सावन महोत्सव' का आयोजन किया गया। इस तरह का आयोजन गांधीनगर क्लब में पहली बार किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल की प्रथम महिला श्रीमती पी. विमला प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेखा पाण्डेय थीं।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजकगण को बधाई देते हुये सावन माह के महत्व के बारे में बताई।

कार्यक्रम में महिलाओं ने सावन की हरियाली की धरा बिखेरते हुये माहौल को सावनमय कर दिया। इस दौरान महिलाओं ने नृत्य संगीत सहित अन्य कार्यक्रमों की प्रस्तुती कर आपस में खुशीयाँ बांटी। अवसर विशेष पर विभिन्न मनोरंजक खेल का भी आयोजन किया गया। विशेष रूप से गांधीनगर अस्पताल की महिला नर्सेस जिसमें अर्चना, राजलक्ष्मी, रूपा, निशा व सीमा ने मनमोहक नृत्य से वहाँ उपस्थित महिलाओं का भरपूर मनोरंजन किया।




सावन उत्सव के अवसर पर विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेखा पाण्डेय के साथ अन्य महिलाएँ

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती राजेश्वरी देवी ने किया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष सर्वश्री रमेश प्रसाद, उपाध्यक्ष रवि रंजन, सचिव  मोहन लाल, प्रशांत कुमार, सुशांत भट्टाचार्य, प्रकाश मुण्डा, जोगेन्द्र मुण्डा, धनेश्वर राम व गीता कुमारी उपस्थित थे।

# सीसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक

सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस राँची में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक 29 अगस्त को निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र ने उपस्थित सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि इस बैठक का उद्देश्य कार्यालयों में राजभाषा हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करना है। उन्होंने उपस्थित सभी विभागाध्यक्ष से भी हिन्दी में कार्य करने एवं अपने अधीनस्थ कर्मियों को इसके लिए प्रेरित करने  के निर्देश दिये।

राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कुजू क्षेत्र सहित मुख्यालय के मानव संसाधन विभाग को पुरस्कृत किया गया।

सहायक प्रबंधक (राजभाषा) श्री दिविक दिवेश ने पावर प्वाइंट के माध्यम से उपस्थित सभी को हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट में हो रही उत्तरोत्तर प्रगति से अवगत कराया।



राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक की एक झलक

इस अवसर पर मुख्यालय के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित क्षेत्रों के अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्ष (राजभाषा), श्री संजय कुमार, सहायक प्रबंधक (राजभाषा) श्री बलि राम सिंह एवं अन्य का योगदान सराहनीय रहा।

# सीसीएल में सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई

## सीसीएल में नयी पहल : सेवानिवृत कर्मियों ने पौधारोपण किया

### 31 जुलाई, 2022 को सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को भावभीनी विदाई

सीसीएल मुख्यालय में नगर प्रशासन विभाग में कार्यरत श्री विरेन्द्र कुमार, सबॉर्डिनेट इंजीनियर (ई एण्ड एम) को दिनांक 01 अगस्त को सीसीएल परिवार की ओर से सीसीएल मुख्यालय में "सम्मान समारोह'' का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। पूरे सीसीएल से जुलाई माह में 79 कर्मी सेवानिवृत हुये जिन्हें सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गयी।

मुख्यालय, राँची में आयोजित सम्मान समारोह में महाप्रबंधक (विधि) एवं निदेशक (कार्मिक) के तकनीकी सचिव श्री पार्थो भट्टाचार्जी ने सेवानिवृत कर्मी श्री विरेन्द्र कुमार को रिटायरमेंट बेनिफिट भी प्रदान किया साथ ही अपने संबोधन में उनके उज्ज्वल भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना किया।



31 जुलाई, 2022 को सेवानिवृत्त हुए कर्मी के विदाई समारोह का एक दृश्य

अवसर विशेष पर श्री विरेन्द्र कुमार ने अपने कार्यकाल के अनुभवों को सभी के साथ साझा किया। उन्होंने अपने विचार रखे, साथ ही कंपनी के उत्तरोत्तर विकास की कामना की तथा कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (समाधान) सुश्री रश्मि दयाल, विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेखा पाण्डेय सहित सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं कर्मी उपस्थित थे। सम्मान समारोह को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

## 31 अगस्त, 2022 को सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को भावभीनी विदाई

सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मियों – सर्वश्री/श्रीमती सैयद शकिल अहमद, महाप्रबंधक (खनन), एनआईएमसी विभाग; रमन कुमार, महाप्रबंधक (ई एण्ड एम), सीसीएमसी विभाग; अशितवा मुखर्जी, मुख्य प्रबंधक (खनन), एलपी एंड आर विभाग; तारीसीसीया उरांव, कैट–1, उत्खनन विभाग तथा केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर से श्रीमती मटिल्डा टोप्पा, मेट्रॉन–ए1 को 31 अगस्त को सीसीएल परिवार की ओर से सीसीएल मुख्यालय में "सम्मान समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। पूरे सीसीएल से अगस्त माह में कुल 74 सेवानिवृत कर्मियों को भी सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई।

निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित एक नयी पहल किया गया है। इसके अंतर्गत सेवानिवृत कर्मियों ने मुख्यालय परिसर में पौधारोपण कर नये पीढ़ी के लिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वृक्षों का मानव जीवन में अधिक बहुमूल्य कीमत है। नियमित संरक्षण संवर्धन कर अधिक से अधिक पौधारोपण करना आवश्यक है।

इस अवसर पर सेवानिवृत कर्मियों ने अपने–अपने कार्यानुभवों एवं विचारों को व्यक्त किया। सेवानिवृत कर्मियों ने कहा कि कंपनी निरंतर नयी उँचाईयों को छू रही है और हम इसके उत्तरोत्तर विकास की कामना करते हैं।

निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद ने सेवानिवृत कर्मियों को संबोधित करते हुये कहा कि हम सभी लोग एक धागा से जुड़े हुये हैं और यह धागा का नाम है, सीसीएल। उन्होंने कहा कि जो भी सेवानिवृत हो रहे हैं वे बहुत लंबे समय तक सीसीएल परिवार से जुड़े रहे हैं और यह संबंध हमेशा चलता रहेगा। आप सभी ने अपने कार्य को लगन एवं उत्साहपूर्वक किये हैं, आपके अनुभव एवं बताये हुये रास्ते पर चलकर ही कंपनी उच्चतम शिखर को प्राप्त कर सकता है।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने सेवानिवृत कर्मियों को शुभकामनाएँ देते हुये कहा कि आप अपने परिवार के साथ आनन्दमयी एवं खुशहाल जीवन बितायें। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि आप स्वस्थ्य रूप से सेवानिवृत हो रहे हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि आपके साथ कंपनी सदैव है। कंपनी के विकास एवं प्रगति हेतु कोई व्यक्तिगत सुझाव हो, तो जरूर अवगत करवायें।

इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मियों के परिवारजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेखा पाण्डेय ने किया। सम्मान समारोह को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों का विशेष योगदान रहा।



31 अगस्त,, 2022 को सेवानिवृत्त हुए कर्मी के विदाई समारोह का एक दृश्य



सेवानिवृत्त हुए कर्मी पौधारोपण करते हुए

**कामयाबी पाने के लिए तीन चीजें जरूरी होती है –**
**सही समय, सही तरीका और सही सोच।**

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

CCL was awarded second prize in safety and third prize in sustainability by Hon'ble Coal Minister Shri Pralhad Joshi during the Coal Minister's award 2021-22 function in New Delhi. The general managers of Magadh Sanghamitra and Dhori were also felicitated for their performances.




Office of Pralhad Joshi and 5 others

7:44 PM · 18/08/22 · Twitter for iPhone

**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

Seven international women hockey players from Jharkhand felicitated by CCL.

CCL CMD Shri P.M.Prasad along with other directors lauded the players for their performances and contributions to hockey.

#TeamCCL salutes their indomitable spirit.




**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

#TeamCCL is celebrating the #HarGharTiranga campaign with vigour and enthusiasm. The employees have overwhelmingly participated in the campaign by hoisting the Tricolour at their respective homes.

#AzadiKaAmritMahotsav



**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

#TeamCCL is organising a 15 days mega health camp at Deoghar. A team of doctors and paramedical staff from CCL are providing 24 hours free medical care including medicines to over 2000 persons everyday.

#AzadikaamritMahotsov




Office of Pralhad Joshi and 5 others


सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), जनसम्पर्क विभाग
सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)